यौन शोषण मामले में 3 साल की कैद

श्रीगंगानगर, (कासं)। विवाहिता पर गंभीर यौन हमला कर शोषण के प्रयास और फोटो लेने के दोषी को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

यह फैसला पोक्सो मामलों की विशेष अदालत संख्या दो ने एक नवंबर को सुनाया। दोषी पर दो धाराओं में एक-एक लाख रूपए अर्थदंड भी लगाया गया है। अगर दोषी युवक ने जुर्माना राशि अदालत में जमा नहीं करवाई तो उसे क्रमशः तीन-तीन माह की जेल ज्यादा काटनी होगी। न्यायालय के एसपीपी हरवीर बराड़ ने बताया कि 18 जीजी निवासी 26 वर्षीय मुकेश कुमार को सजा सुनाई गई है। यह प्रकरण पीडित विवाहिता द्वारा महिला थाने में 16 अगस्त 2022 को दर्ज करवाया गया था। इसमें महिला थाना की तत्कालीन एसएचओ राजेश रानी की तरफ से अनुसंधान के बाद चालान महिला उत्पीड़न मामलों की विशेष अदालत में पेश किया गया था।

वहां से यह प्रकरण ट्रांसफर होकर पोक्सो मामलों की विशेष अदालत संख्या दो में सुनवाई को आया। युवक को आईपीसी की धारा 354 (ग) में तीन साल की कठोर कैद और एक लाख रूपए अर्थदंड तथा आईटी एक्ट की धारा 67 (ए) में भी तीन साल कठोर कारावास और एक लाख रुपए का अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। दोनों सजाएं साथ चलेंगी। दोषी द्वारा पीड़िता के परिजनों को भेजे गए फोटो ही जुर्म के प्रमाण और सजा का आधार बनें। एसपीपी हरवीर बराड़ ने बताया कि पीड़िता की ओर से मामला दर्ज करवाते समय आरोप लगाये कि युवक ने वर्ष 2021 में पीड़िता के घर आकर चाकू दिखाकर दुष्कर्म किया।

बच्चों को धर्म, संस्कार व संस्कृति से जोड़ें : मेहुल प्रभ सागर

बीकानेर, (कासं)। संबोधि चातुर्मास के तहत गणिवर्य मेहुल प्रभ सागर म.सा., मुनि मंथन प्रभ सागर, बाल मुनि मीत प्रभ सागर, बीकानेर की साध्वी दीपमाला व शंख निधि म.सा. के सानिध्य में धार्मिक संस्था ज्ञान वाटिका का वार्षिकोत्सव रविवार को रांगड़ी चौक की तपागच्छीय पौषधशाला में हुआ।

सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट व अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकानेर इकाई की ओर से आयोजित चातुर्मास में खरतरगच्छ महिला परिषद व ज्ञान वाटिका के संयुक्त तत्वावधान में हुए वार्षिकोत्सव में बालक-बालिकाओं ने आकर्षक वेशभूषा में रोचक, रोचक व मनोरंजक प्रस्तुतियां दी। समारोह में ज्ञान वाटिका की प्रभारी सुनीता नाहटा, साध्वीश्री अर्पण निधि (चित्रा पारख) श्रीजी के संसारिक पिता व गायक सुनील पारख, वयोवृद्ध संगीतकार मगन कोचर, अभय जैन ग्रंथागार के नवरतन चौपड़ा का अभिनंदन खरतरगच्छ युवा परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजीव खजांची, स्थानीय इकाई अध्यक्ष अनिल पारख, सचिव विक्रम भुगड़ी, श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के उपाध्यक्ष महावीर डागा, कोषाध्यक्ष फतेह चंद खजांची, हस्तीमल सेठी, पुखराज पुगलिया, सेठी, धर्मेन्द्र खजांची, विपुल नाहटा, सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के पूर्व मंत्री रतन लाल नाहटा, खरतरगच्छ महिला परिषद की अध्यक्ष मनीषा खजांची, उपाध्यक्ष सुशीला धारीवाल व मंत्री लीला बेगानी आदि ने किया।

- ज्ञान वाटिका के वार्षिकोत्सव में बालक-बालिकाओं ने आकर्षक वेशभूषा में रोचक मनोरंजक प्रस्तुतियां दी

ज्ञान वाटिका के वार्षिकोत्सव पर बालक-बालिकाओं ने रंग बिरंगी पोशाक में आकर्षक वेशभूषा व भाव भंगिमाओं के साथ रंगारंग प्रस्तुतियां दी।

खरतरगच्छ युवा परिषद व महिला परिषद की सदस्याओं ने ज्ञान वाटिका के वार्षिकोत्सव 'वंदे शासनम' की प्रस्तुतियों में सहयोगी मुक्ति भुगड़ी, हनी माथुर, खुशहाली पारख, बाल मुनि के शिक्षण में सहयोगी मुस्कान दस्साणी, कामिनी सुराणा व पूर्वी कोचर के साथ ज्ञान वाटिका में राष्ट्रीय, प्रदेश व स्थानीय स्तर पर अव्वल ज्ञान वाटिका के बच्चों को प्रशस्ति पत्र व विशेषणों से सम्मानित किया।

इस अवसर पर श्री चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के तत्वावधान में उदासर में 10 नवम्बर को भगवान सुपार्श्वनाथ के मंदिर में तीन नूतन प्रतिमा के प्रतिष्ठा मंगल महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया। प्रतिष्ठा का लाभ उदासर के किशनलाल, सौभाग्यवती देवी की स्मृति में ओमप्रकाश-संगीता देवी कोठारी परिवार ने लिया है। ज्ञान वाटिका के करीब 50 से अधिक बालक-बालिकाओं ने रंग बिरंगी पोशाक में आकर्षक वेशभूषा व भाव भंगिमाओं के साथ सरस्वती वंदना, दान, शील, तप व भाव पर आधारित नाटक, गुरू वंदना नृत्य, नन्हें बच्चों ने हिन्दी व राजस्थानी धार्मिक व प्रेरणादायक गीतों पर आधारित नृत्यों की प्रस्तुतियां दी। खरतरगच्छ युवा परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक राजीव खजांची, व विक्रम भुगड़ी, सुनीता नाहटा, अभिषेक डागा व चार्टेट एकाउंटेंट सिद्धार्थ खजांची आदि ने ज्ञान वाटिका की गतिविधियों, कार्य व उद्देश्यों से अवगत करवाया। गणिवर्य मेहुल प्रभसागर म.सा. ने प्रवचन में कहा कि बच्चों को अभिभावक धर्म, संस्कार व संस्कृति से जोड़ें। ज्ञान वाटिका बच्चों को धर्म व संस्कारों से जोड़ेगी तथा बौद्धिक, सामाजिक व धार्मिक-आध्यात्मिक विकास करेगी।

देवउठनी पर 26 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

बीकानेर, (कासं)। बैण्ड बाजों की धुन और मांगलिक गीतों की गूंज के साथ देवउठनी एकादशी पर माली-सैनी और सुथार समाज का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया।

माली सैनी समाज का वैवाहिक समारोह गोपेश्वर बस्ती स्थित शिव पार्वती भवन में हुआ। वैवाहिक समारोह समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल भाटी ने बताया कि 17 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समारोह में सबसे पहले पहुंचे प्रथम दूल्हे शेरू गहलोत का समिति द्वारा अभिनंदन किया गया। तोरण पोखना, वरमाला सहित अन्य कई रस्मों के साथ दूल्हा-दुल्हन ने सात वचनों के साथ वैवाहिक जीवन की शुरूआत की।

आयोजन से संबंधित विभिन्न समितियों ने अपना दायित्व संभाला गया। विवाह समारोह में समाज के वरिष्ठजनों का अनुभव, युवा बंधुओं की सक्रिय सहभागिता और भामाशाहों का सहयोग अतुलनीय उदाहरण दिखाई दिया। विशेष रूप से माली-सैनी समाज की महिला शक्ति भी वैवाहिक समारोह की विविध तैयारियों का जिम्मा बखूबी निभाई। दूसरी ओर श्रीविश्वकर्मा सुथार समाज के 9 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान अतिथियों ने दूल्हे- दुल्हनों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, डॉ. बी. डी. कल्ला, गुमान सिंह राजपुरोहित आदि ने आशीर्वाद दिए। श्यामसुदंर बरड़वा ने बताया कि सफल आयोजन पर समिति की ओर से अध्यक्ष नवरतन धामू, संस्थापक सदस्य कन्हैयालाल बरड़वा, मंत्री शिवप्रकाश डोयल एवं कोषाध्यक्ष छगनलाल छडिया आदि मौजूद थे।

सार-समाचार

मांड कोकिला की पुण्यतिथि आज

बीकानेर, (कासं)। मांड कोकिला पद्मश्री अल्लाह जिलाई बाई स्मृति 33 वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। अल्लाह जिलाई बाई मांड गायिकी प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ. अजीज अहमद सुलेमानी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन आयोजित होने वाले इस समारोह में जयनारायण व्यास कॉलोनी में पद्मश्री अल्लाह जिलाई बाई को खिराजे अकीदत पेश के साथ उनके गीतों पर चर्चा होगी। इस अवसर पर कथाकार राजेन्द्र जोशी, कथाकार राजाराम स्वर्णकार, डॉ एम.एम. बागड़ी, डॉ हनुमान सिंह कस्वां, लेखक अशफाक कादरी सहित परिवार के सदस्य शामिल थे। अल्लाह जिलाई बाई मांड गायकी प्रशिक्षण संस्थान के प्रबंध निदेशक डॉ अजीज अहमद सुलेमानी बताया कि सोमवार को पद्मश्री अल्लाह जिलाई बाई की 33 वी पुण्यतिथि पर बड़े कब्रिस्तान में अल्लाह जिलाई बाई के मजार पर कुरआनखानी और पुष्पांजलि होगी। इससे पूर्व सुबह 11 बजे जयनारायण व्यास कॉलोनी में अल्लाह जिलाई बाई को श्रद्धांजलि एवं गीतों पर चर्चा होगी, जिसमें देश विदेश के मांड प्रेमी और ऑनलाइन शामिल होंगे। केसरिया बालम आओ नी पधारो म्हारे देश जब कहीं सुनाई पड़ता है तो हृदय में मरूभूमि की सरसता का अहसास कराता है। यह गीत वीरता, शौर्य और साहस का आदर करता है। वहीं हजारों पर्यटकों को राजस्थान की ओर आकर्षित करता है। यह अमर गीत प्रख्यात मांड गायिका अल्लाह जिलाई बाई के कंठों से राजमहलों से राष्ट्रपति भवन तथा विदेशों में सुरीले अंदाज में पहुंचा है। पद्मश्री अल्लाह जिलाई बाई ने अपना सम्पूर्ण जीवन मांड और राजस्थानी लोक संगीत को समर्पित किया। उनकी शुद्ध, सात्विक एवं कलापूर्ण प्रस्तुति में विश्व को मांड से परिचित कराया। संगीत जगत में मांड और मरू प्रदेश के लोकगायकों को जो मान सम्मान आज दुनियां में प्राप्त है। उसमें अल्लाह जिलाई बाई का समर्पण और योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है।

मांड कोकिला पद्मश्री अल्लाह जिलाई बाई।

पीयूष लूणिया का अभिनंदन किया

पीयूष लूणिया के अभातेयुप के राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त होने पर अभिनंदन किया।

बीकानेर, (कासं)। तेरापंथ युवक परिषद (तेयुप) गंगाशहर के पूर्व अध्यक्ष, तेरापंथी सभा के सहमंत्री तथा आचार्य तुलसी शांति प्रतिष्ठान की कार्यकारिणी के सक्रिय सदस्य भाई पीयूष लूणिया को अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद (अभातेयुप) राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर उग्रविहारी तपोमूर्ति मुनि कमल कुमार ने कहा कि गंगाशहर के कार्यकर्ता को राष्ट्रीय स्तर पर यह प्रतिष्ठित दायित्व मिलना पूरे नगर के लिए गौरव की बात है। संघ की सेवा करने का मौका मिले यह सौभाग्य की बात है। व्यक्ति कोई भी दायित्व लेने से पूर्व आत्मचिंतन करके ही दायित्व ग्रहण करे जिससे व्यक्ति, परिवार, व्यापार और समाज सब का कल्याण हो सके ऐसी प्रेरणा मुनि श्री ने दी। तेरापंथी सभा के अध्यक्ष नवरतन बोथरा ने कहा कि पीयूष लूणिया वर्तमान में सभा में सहमंत्री के रूप में भी महत्वपूर्ण दायित्व निभा रहे हैं। उन्होंने पूरी सभा की टीम की ओर से हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएं प्रेषित की। तेयुप गंगाशहर अध्यक्ष एवं अभातेयुप सदस्य ललित राखेचा ने कहा कि भाई पीयूष पिछले अनेक वर्षों से अभातेयुप में सेवाएं दे रहे हैं। मेरे लिए यह विशेष गौरव की बात है कि अभातेयुप में हमारे साथ कार्य करते हुए और मेरे अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है। वे संघ और संघपति की सतत सेवा में निरंतर आगे बढ़ते रहें यही शुभेच्छा। इस अवसर पर तेरापंथ सभा अध्यक्ष नवरतन बोथरा, उपाध्यक्ष पवन छाजेड़ एवं तेयुप अध्यक्ष ललित राखेचा ने पताका पहनाकर भाई पीयूष लूणिया का अभिनंदन किया।

बी.एम.एस. का अधिवेशन 16 को

लूणकरनसर, (कासं) राजस्थान बिजली श्रमिक महासंघ बीएमएस का 14वां त्रैवार्षिक प्रदेश अधिवेशन 16 नवंबर को नोखा में आयोजित होगा। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए शनिवार को लूणकरणसर में पोस्टर का विमोचन किया गया। साथ ही प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी अलग-अलग कार्यकर्ताओं को सौंपी गई हैं। जिला संयुक्त महामंत्री मूलचंद गेधर ने बताया कि अधिवेशन में प्रदेश के 41 जिलों के लगभग एक हजार संगठन पदाधिकारी शामिल होंगे। अधिवेशन के मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर होंगे। विशिष्ट अतिथियों में नोखा के पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई, भामसं के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह डाबी, अखिल भारतीय विद्युत महासंघ के अध्यक्ष मधुसूदन जोशी, चेयरमैन डिस्कॉम्स आरती डोगरा (आईएएस) और एमडी जोधपुर डिस्कॉम डॉ. भंवरलाल शामिल हैं। भामसं के प्रदेश महामंत्री हरिमोहन शर्मा मुख्य वक्ता होंगे। जबकि महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र सांखला अधिवेशन की अध्यक्षता करेंगे। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम लूणकरनसर स्थित सहायक अभियंता कार्यालय में आयोजित हुआ। इस अवसर पर डिस्कॉम महामंत्री सतीश राठौड़, राष्ट्रीय सदस्य चुन्नीलाल राजस्थानी, डिस्कॉम सदस्य मूलचंद गेदर, नवीन स्वामी, रामदेव सांखला, दलीप व्यास, सुरेंद्र कुमार मारवाल, अर्जुन स्वामी, इंजमाम उल हक, राकेश मीणा, मुकेश घोड़ेला, धर्मेन्द्र कुमार, नावेद अहमद, खुशबू और मीना कुमारी सहित कई संगठन कार्यकर्ताओं ने अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन किया।

पूगल में आज से फार्मर आईडी शिविर

पूगल, (कासं)। पूगल तहसील की सभी ग्राम पंचायतों में 3 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक फार्मर रजिस्ट्री शिविर आयोजित किए जायेंगे। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य किसानों की शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाना है। पूगल तहसीलदार अशोक पारीक ने बताया कि यह कार्यक्रम केंद्र सरकार की एग्री स्टेक योजना के तहत चलाया जा रहा है। जिला कलेक्टर के आदेशानुसार पूगल तहसील की प्रत्येक ग्राम पंचायत को शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए संबंधित भू-अभिलेख निरीक्षकों और पटवारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

बीकानेर में 10 महीनों में डेंगू रोगियों की संख्या 500 के पार

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर में डेंगू तेजी से पांव पसार रहा है। अक्टूबर के महीने में सबसे ज्यादा 273 केस रिपोर्ट हुए हैं। इस साल दस महीने में जिले में 448 और पीबीएम हॉस्पिटल में आंकड़ा 500 के पार हो गया है।

पीबीएम हॉस्पिटल में बीकानेर संभाग के चारों जिलों के अलावा नागौर से भी मरीज आते हैं। 30 अक्टूबर को 146 सेम्पल की जांच में 14 केस पॉजिटिव आए थे। इन्हें मिलाकर इस साल अब तक पीबीएम में 510 डेंगू के रोगी आ चुके हैं, जबकि बीकानेर जिले में डेंगू रोगियों की संख्या 448 रिपोर्ट हुई है। अभी नवम्बर और दिसम्बर का महीना बाकी है। दो महीने में केस और बढ़ने की संभावना चिकित्सकों ने जताई है।

हालांकि 2024 में पूरे साल में डेंगू के 1058 केस रिपोर्ट हुए थे। सीएमएचओ के अधीन जिले के दस ब्लॉक में से बीकानेर शहर के ब्लॉक में सर्वाधिक 156 मरीज डेंगू की चपेट में आ चुके हैं। जबकि बीकानेर ग्रामीण में आंकड़ा 100 का है। सबसे कम सात केस बज्जू में रिपोर्ट हुए हैं। मौसम के हिसाब से डेंगू का फैलाव देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने एक्टिविटी बढ़ा दी है। डिप्टी सीएमएचओ हेल्थ डॉ. लोकेश गुप्ता ने बताया कि सभी ब्लॉक सीएमओ को फील्ड में रहने निर्देश दे दिए गए हैं। ब्लॉक में टाइम टेबल बनाकर हर घर की जांच होनी चाहिए। डेंगू का मच्छर (एडीज एजिप्टी) दिन में ज्यादा काटता है। यह मच्छर सुबह और शाम खासकर सूर्योदय के बाद और सूर्यास्त से पहले सबसे अधिक सक्रिय होता है। इन मच्छरों की सक्रियता का एक कारण यह भी है कि यह मनुष्यों के दिन की गतिविधियों के साथ मेल खाते हैं और छायादार, इनडोर क्षेत्रों को पसंद करते हैं। यह प्रजाति जानवरों की तुलना में मानव रक्त को अधिक पसंद करती है।

- डेंगू का फैलाव देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने एक्टिविटी बढ़ाई
- दो महीने में केस और बढ़ने की संभावना जताई

डॉ. वी.बी.सिंह, सीनियर प्रोफेसर, मेडिसिन, पीबीएम हॉस्पिटल बीकानेर का कहना है कि बीकानेर शहर 156, बीकानेर ग्रामीण 100, नोखा 46, पांचू 9, श्रीडूंगरगढ़ 41, कोलायत 24, बज्जू 7, लूणकरणसर 18, खाजूवाला 8, पूगल 13, अनट्रेस केस 26 हैं।

लाइब्रेरी का लोकार्पण

बीकानेर, (कासं)। सुमंगल जनकल्याण ट्रस्ट बीकानेर द्वारा किए जाने वाले जन कल्याण कार्यक्रमों की श्रृंखला में ट्रस्ट अध्यक्ष भाजपा नेता डॉ सुरेन्द्र सिंह शेखावत के पैतृक गांव ख्याली जिला झुंझुनूं में ठा. भवानी सिंह -भंवर कंवर स्मृति वाचनालय का उद्घाटन डॉ नंदलाल सिंह शेखावत ने फीता काटकर किया।

रविवार सुबह गांव के गोपीनाथ मंदिर प्रांगण में ठाकुर भवानी सिंह और भंवर कंवर की स्मृति में बनाई गई लाइब्रेरी का उद्घाटन गांव के प्रबुद्धजनों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। लाइब्रेरी में 25 सीटें लगाई गई है। डॉ सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले गांव के युवाओं को पढ़ाई में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

गांव के शिक्षक समुदाय ने लाइब्रेरी की आवश्यकता जताई थी। जिस पर अपने दादा- दादी की स्मृति में मंदिर प्रांगण में निर्मित हॉल में लाइब्रेरी शुरू करवाई गई है।

मंदिर के स्वामित्व को लेकर दो पक्षों में विवाद

बज्जू, (कासं)। बज्जू में ग्राम पंचायत मुख्यालय स्थित श्री जम्भेश्वर और भगवान श्री हनुमान मंदिर के स्वामित्व को लेकर दो पक्षों में विवाद गहरा गया है। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई है।

गौडू निवासी बुधराम बिश्नोई ने बज्जू पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि गौडू धोरा मंदिर पर स्थित भगवान जंभेश्वर और हनुमान जी महाराज के मंदिर पर एक परिवार लम्बे समय से कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। शिकायत के अनुसार गोपीराम पुत्र बगड़राम और राजेन्द्र कुमार पुत्र पाबूराम धायल ने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेज बनाकर पहले भी कब्जा करने का प्रयास किया था। आरोपियों ने एक फर्जी ट्रस्ट बनाकर विवाद खड़ा किया और गोपीराम ने अपनी दादी की मूर्ति मंदिर में स्थापित कर दी।

- गौडू मंदिर विवाद का मामले में दो पक्षों पर क्रॉस एफआईआर दर्ज

आरोप है कि उन्होंने मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य और सत्संग के आयोजन को रोकने की भी कोशिश की, जिससे गांव में तनावपूर्ण माहौल बन गया। इस विवाद को सुलझाने के लिए गांव के गणमान्य व्यक्तियों, सरपंच, बज्जू तहसीलदार और थानाधिकारी आलोक सिंह की मौजूदगी में पंचायती भी हुई। हाल ही में राजेंद्र कुमार धायल के उकसावे पर गोपीराम पुत्र बगडूराम सहित करीब दर्जनभर लोग लाठी-सरिया लेकर मंदिर पहुंचे। उनके पास एक ग्रेनाइट पत्थर था, जिस पर ट्रस्ट का नाम लिखा था। उन्होंने मंदिर पर कब्जा करने की नीयत से पुजारी श्रीचंद ो बहस की।

पहचान छिपाने नवजात बच्ची को खाई में फेंका

बीकानेर, (कासं)। कोटगेट थाना पुलिस को जूनागढ़ के पीछे पेट्रोल पंप और पुराने बस स्टैंड के बीच में 50 फीट गहराई पर नवजात बच्ची का शव मिला है। बच्ची को पहले चुन्नी में लपेटा गया और फिर उसे पॉलीथिन में डालकर खाई में फेंका गया।

उसके शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं थे। खाई में मिट्टी-कचरा होने के कारण ऊपर से गिराने के बावजूद बच्ची के मृत शरीर पर खरोंच तक नहीं आई। शव निर्वस्त्र था। माना जा रहा है कि किसी अस्पताल में बच्ची का जन्म हुआ। उसकी सुंडी से निकलने वाली नली को काटकर खून रोकने के लिए चिमटी बांध दी गई थी। लेकिन पहचान छिपाने के लिए उसे खाई में गिराया गया। बच्ची मृत पैदा हुई या उसे मारा गया या खाई में फेंकने पर उसकी मौत हुई। इसका पता नहीं चल पाया है। खाई में मरम्मत और साफ-सफाई का काम करने वाले ठेकेदार कुलदीप सिंह राजपुरोहित सुबह करीब 10.45 बजे काम पर पहुंचे तो खाई में पॉलीथिन देखकर शक हुआ। सूचना मिलने पर कोटगेट थाना पुलिस, सावधान संस्था के दिनेश सिंह भदौरिया और उनकी टीम मौके पर पहुंच गए। शव को बाहर निकाला गया और पीबीएम अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है। एसएचओ विश्वजीत सिंह ने बताया कि कुलदीप राजपुरोहित की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। ऐसे फेंकने की बजाय नवजात को पालना घर में छोड़कर जा सकते हैं।

137 मॉडिफाइड साइलेंसर, 25 प्रेशर हॉर्न नष्ट

बीकानेर,(कासं)। यातायात पुलिस ने शहर में शोर मचाने वाले बाइकर्स पर शिकंजा कसा। रविवार को पुलिस ने जब्त किए गए 137 मॉडिफाइड साइलेंसर और 25 प्रेशर हॉर्न को बुलडोजर चलाकर नष्ट कर दिया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देश पर और यातायात प्रभारी नरेश निर्वाण के नेतृत्व में की गई। इस दौरान टीआई नरेश निर्वाण और पूरी पुलिस टीम मौके पर मौजूद रही।

टीआई नरेश निर्वाण ने बताया कि इन मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न के कारण शहर में अत्यधिक शोरगुल बढ़ रहा था, जिससे बुजुर्गों, बच्चों और आम लोगों को परेशानी हो रही थी।

इस साल नवम्बर में ठिठुरन शुरू हो जायेगी, बारिश से सर्दी बढ़ेगी

बीकानेर, (कासं)। बीते 10 सालों में नवम्बर का पारा 10 डिग्री के आसपास रहा। यानि नवम्बर में लोगों को ठिठुरने के लिए तैयार रहना होगा। 2012, 2015 और 2020 में तो रात का पारा 10 डिग्री के भी नीचे आ गया था। इस साल वैसे ही सर्दी पहले आ गई। अक्टूबर में ही बीते सालों की तुलना में पारा नीचे चल रहा है।

इसका मतलब साफ है कि इस साल नवम्बर में ठिठुरन शुरू हो जायेगी। बीते 100 साल का रिकॉर्ड देखें तो 30 नवम्बर 1937 को रात का पारा 0.06 डिग्री रहा। जो अब तक नहीं टूट सका। नवम्बर के महीने से ही मावठ शुरू हो जाती है। बीते 10 सालों में 6 बार मावठ हुई है। 2024 में तो नवम्बर में 13 एम.एम. बारिश हुई थी। 2019 में 10 एम.एम. बारिश हुई थी। इसके अलावा 2015, 2016 और 2021 में भी मावठ हुई थी। नवम्बर का महीना गुलाबी सर्दी वाला होता है। सुबह शाम की गुनगुनी धूप प्रिय लगती है मगर इस महीने के पहले सप्ताह में ही पश्चिमी विक्षोभ की वजह से बादल छा सकते हैं। कहीं कहीं बूंदाबांदी भी हो सकती है। दूसरे सप्ताह से तापमान कम होना शुरू होगा और महीने के अंत तक कड़ाके की सर्दी शुरू हो जायेगी।

- बीकानेर शहर की तुलना में ग्रामीण इलाके में बूंदाबांदी हो सकती है। 3 से 5 नवम्बर के बीच ये स्थिति बनेगी

पहले सप्ताह में ही प्रदेश में विक्षोभ का असर है। जिसका असर बीकानेर के ग्रामीण इलाकों तक आ सकता है। बादलों की आवाजाही और कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी संभव है। बीकानेर शहर की तुलना में ग्रामीण इलाके में बूंदाबांदी हो सकती है। 3 से 5 नवम्बर के बीच ये स्थिति बनेगी। दूसरे और तीसरे सप्ताह में मौसम सामान्य रहेगा। लेकिन उत्तरी हवाएं चलने से तापमान सामान्य से कम हो सकता है।

कन्या छात्रावास में छात्राओं को सीपीआर देने की ट्रेनिंग दी

बीकानेर, (कासं)। मदर्स एल. एस. कर्मा फाउंडेशन के तत्वावधान में सीपीआर के संबंध में विद्यार्थियों में जागरूकता के लिए फाउंडेशन की संरक्षक लक्ष्मी देवी मंडा के दिशा निर्देशानुसार 7 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कड़ी में चौधरी चरण सिंह कन्या छात्रावास में छात्राओं को सीपीआर की ट्रेनिंग दी एवं इसका महत्व समझाया। छात्राओं को सीपीआर कैसे दिया जाता है। इसके बारे में अवगत कराया। फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. सुमन चौधरी के निर्देशन में एम्स दिल्ली में कार्यरत डॉ. स्पृहा ने सीपीआर पर व्याख्यान व प्रशिक्षण दिया। सीपीआर कैसे दिया जाता है। प्रैक्टिकल करके बताया गया और सीपीआर देते समय किन- किन सावधानियों का ध्यान रखना है। उनके बारे में छात्राओं को बारीकी से बताया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. सुमन चौधरी द्वारा फाउंडेशन के उद्देश्य और कार्यों के बारे में बताया तथा छात्राओं को बताया गया कि तैयारी करते समय किन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और कैसे पढ़ाई करनी चाहिए। इस अवसर पर कपड़े से निर्मित थैले का वितरण भी किया गया। सभी छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया गया। वहां उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को शपथ दिलवाई गई कि जब भी बाज़ार जाए अपना हाथ हिला साथ ले के जाए और पर्यावरण को बचाने में अपना अमूल्य योगदान दें।

मदर्स एल. एस. कर्मा फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. सुमन चौधरी के निर्देशन में एम्स दिल्ली में कार्यरत डॉ. स्पृहा ने चौधरी चरण सिंह कन्या छात्रावास में छात्राओं को सीपीआर देने की ट्रेनिंग दी।

- कपड़े से निर्मित थैले का वितरण भी किया गया
- सभी छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया गया

इस अवसर पर संस्था की सदस्य चन्द्रकला चौधरी, नीलम बेनीवाल, सुमन लेघा, निरमा चौधरी, जूली चौधरी, निधि सिंह प्रथम छात्रसंघ अध्यक्षा ज्योति चौधरी व हॉस्टल वार्डन मंजू मान आदि उपस्थित थी।

आरपीएस अफसरों के ट्रांसफर

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले में कई आरपीएस अफसरों को इधर-उधर किया गया है तो वहीं कई पुलिस अफसरों की जगह खाली रखी गई है। इसके अलावा जिले में नियुक्ति करवाने की चाह रखने वाले कई पुलिस अफसरों को निराशा भी हाथ लगी है।

वहीं हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय से डीएसपी एससी-एसटी सेल पद पर कार्यरत रणवीर साई को डीएसपी यातायात, श्रीगंगानगर के पद पर लगाया गया है। इसके साथ ही श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय पर एससी-एसटी सेल और महिला अनुसंधान परामर्श केन्द्र को खाली रखा गया है। साइबर क्राइम डीएसपी कुलदीप वालिया का तबादला चूरू के सरदारशहर किया है। ग्रामीण डीएसपी राहुल यादव को जीआरपी बीकानेर में नियुक्त किया हैं। श्रीकरणपुर सर्किल डीएसपी संजीव चौहान को हटाकर बीकानेर लगाया है। विष्णु खत्री को श्रीकरणपुर लगाया गया है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 28.10.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 48/50 के किला नं. 18 में भूखण्ड संख्या का माप 12' गुणा 40' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती रामा देवी पत्नी श्री सतीश सिंह निवासी डाल कॉलोनी, चक 3 ई छोटी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदकश्रीमती रामा देवी पत्नी श्री सतीश सिंह निवासी डाल कॉलोनी, चक 3 ई छोटी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 48/50 के किला नं. 18 में भूखण्ड संख्या का माप 12' गुणा 40' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए
Rajkaj Ref. No. 18444005 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानग (राज.)
क्रमांक : नियमन /2025/18443453 दिनांकः- 28.10.2025
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 20 के किला नं. 3,8 में भूखण्ड संख्या का माप 24-6' गुणा 80 फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्री दोषदमन सिंह पुत्र श्री वासुदेव सिंह निवासी चक 12 एच एच (बानियाँवाला) श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री दोषदमन सिंह पुत्र श्री वासुदेव सिंह निवासी चक 12 एच एच (